**उत्तर पश्चिम रेलवे**

09

मंडल संरक्षा कार्यालय
जोधपुर

प.सं.- 1 AT/Safety/Calendar Drive-09/JU/2026 दिनांक: - 10.09.2026

सभी अधिकारी उ.प.रे. जोधपुर मण्डल। सभी स्टेशन अधीक्षक, स्टेशन मास्टर, यातायात निरीक्षक, संरक्षा सलाहकार, यार्ड मास्टर, वरि.सेक्शन इंजीनियर(रेल पथ), वरि.सेक्शन इंजीनियर(संकेत),वरि.सेक्शन इंजीनियर(दूरसंचार), वरि.सेक्शन इंजीनियर (सवारी व माल), मुख्य लोको निरीक्षक। मुख्य नियंत्रक कंट्रोल, मुख्य नियंत्रक कैरेज, मुख्य नियंत्रक कंट्रोल लोको, मुख्य नियंत्रक (दूरसंचार), मुख्य नियंत्रक (बिजली)। प्रशिक्षक यातायात प्रशिक्षण स्कूल जोधपुर। गार्ड व चालक फ़ाइल जोधपुर, जैसलमेर, मेड़तारोड, बाड़मेर व समदड़ी। प्राचार्य डीजल प्रशिक्षण केंद्र भगत की कोठी।

**कलेंडर संरक्षा अभियान - 09/2026**

विषय:- कलेंडर संरक्षा अभियान सं. 09, वर्ष 2026
संदर्भ:- मुख्य संरक्षा अधिकारी उ.प.रे. जयपुर के पत्र सं. उ.प.रे./ मुख्यालय/ संरक्षा/ सं. अभि./ कलेंडर, दिनांक: 01.01.2026

प्रधान कार्यालय के उपरोक्त पत्रानुसार कलेंडर संरक्षा अभियान सं-09, दिनांक 11.09.2026 से 25.09.2026 तक चलाया जा रहा है, जिसमे परिचालन, यांत्रिक, सिविल इंजीनीयरिंग व दूरसंचार के सभी अधिकारीगण, पर्यवेक्षक भाग लेंगे व अभियान के निम्न बिन्दुओं पर विशेष ध्यान देंगे:-

**रनिंग स्टाफ:-**

ढलान वाले खण्डों पर गाड़ी रुकने की स्थिति में कार्यवाही / सावधानियां |

**स्टेशन स्टाफ:-**

विच्छेदन / विफलता मीमो जारी नही करना तथा अनुरक्षण कर्मचारियों / स्टेशन मास्टर / सहायक स्टेशन मास्टर द्वारा संरक्षा को खतरे में डालने वाले घातक शार्ट कट तरीके अपनाना | रिले रूम एवं बेसमेंट पर दोहरे ताले होना सुनिश्चित करना |

**इंजी स्टाफ:-**

मानव सहित एवं मानव रहित समपारों पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के उपाय | अंतर्पाशन की विशेष जाँच एवं समपार संबंधों, जिसमे लिफ्टिंग बैरियर की उचाई एवं संरक्षा जंजीरों की लम्बाई के साथ ताला लगाने की व्यवस्था शामिल है | समपारों की ओवर हालिंग एवं चैक रेल | सड़क चिहन बोर्डो एवं लिफ्टिंग बैरियर की रंगाई |

संरक्षा अभियान की अनुपालना रिपोर्ट निम्न फार्मेट मे इस कार्यालय को दिनांक 26.09.2026 तक अवश्य भिजवाये।

| किए गए निरीक्षण | पायी गयी कमियाँ | की गयी कार्यवाही |
|---|---|---|
| | | |

इसे अति आवश्यक समझें।

10/9/26
वरि. मण्डल संरक्षा अधिकारी
उ.प.रे. जोधपुर

Scanned with OKEN Scanner